क्रमांक-1

मध्यप्रदेश विधान सभा

संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

सोमवार, दिनांक 18 फरवरी, 2019 (माघ 29, शक संवत् 1940)

विधान सभा पूर्वाह्न 11:05 बजे समवेत हुई.

अध्यक्ष महोदय (श्री नर्मदा प्रसाद प्रजापति "एन.पी.") पीठासीन हुए.

1. राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' का समूहगान

सदन की कार्यवाही राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' के समूहगान से प्रारम्भ हुई.

2. निधन का उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नलिखित के निधन पर सदन की ओर से शोकोदगार व्यक्त किये गये:-

(1) श्री जार्ज फर्नान्डीज, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री,
(2) श्री भानुप्रकाश सिंह, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री,
(3) श्री जितेन्द्र सिंह बुन्देला, भूतपूर्व संसद सदस्य,
(4) श्री घनश्याम पाटीदार, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(5) श्री लोकेन्द्र सिंह तोमर, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(6) श्री मोहन सिंह बुंदेला, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(7) श्री कृष्णवल्लभ गुप्ता, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य, तथा
(8) जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर आतंकी हमले में शहीद जवान.

सर्वश्री कमलनाथ, मुख्यमंत्री, गोपाल भार्गव, नेता प्रतिपक्ष, शिवराज सिंह चौहान, सदस्य ने भी शोकोदगार व्यक्त किये.

3. निन्दा प्रस्ताव

जम्मू -श्रीनगर राजमार्ग पर आतंकी हमला होना

श्री गोपाल भार्गव, नेता प्रतिपक्ष एवं श्री शिवराज सिंह चौहान, सदस्य द्वारा आसंदी से अनुरोध किया कि जम्मू - श्रीनगर में आतंकी हमले जैसी घटनाएं लगातार हो रही हैं और सेना इनसे निपट रही है, उसे इसमें विजय प्राप्त होगी और हम इस तरह की घटनाओं को समूल नष्ट कर सकेंगे. यदि हम विधायी संस्थाओं के माध्यम से समर्थन देने की एक परम्परा शुरू करेंगे तो इससे हमारे सैन्य बलों का उत्साह और मनोबल बढ़ेगा, इसलिए आतंकवादियों की इन हरकतों के खिलाफ और उनके जो सरपरस्त हैं, चाहे वो पाकिस्तान हो या कोई भी हों, उनके खिलाफ हम सर्वसम्मति से एक निन्दा प्रस्ताव पारित करके भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और सेनाध्यक्ष के लिए प्रेषित करें तो बहुत अच्छी बात होगी.

श्री कमलनाथ, मुख्यमंत्री ने आसंदी से अनुरोध किया कि मैं नेता प्रतिपक्ष के प्रस्ताव पर पूरी तरह सहमत हूं कि सदन को एक निन्दा प्रस्ताव पास करना चाहिये, ताकि सदन से देश को एक संदेश जाये कि मध्यप्रदेश की साढ़े सात करोड़ जनता का हम प्रतिनिधित्व करते हैं और यह संदेश यहां से जायेगा, वह केवल इस सदन का संदेश नहीं बल्कि प्रदेश की जनता का संदेश होगा. हम यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास करें.

अध्यक्ष महोदय ने सदन को अवगत कराया कि सदन के नेता और नेता प्रतिपक्ष ने संपूर्ण सदन एवं प्रदेश की जनता की भावनाओं को यहां रखा, निश्चित रूप से हमारी यह एकजुटता, लोकतंत्र की अमिट छाप छोड़ेगी. सम्पूर्ण सदन आतंकी घटनाओं की कड़े शब्दों में निन्दा करता है, मेरे विचार से आप सभी सदस्य इस निन्दा प्रस्ताव से सहमत होंगे.

सदन की सहमति से निन्दा प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ.

4. निधन का उल्लेख (क्रमशः)

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन की ओर से शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की गई तथा सदन द्वारा 2 मिनिट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

तत्पश्चात् दिवंगतों के सम्मान में पूर्वाह्न 11.34 बजे विधान सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक 20 फरवरी, 2019 (फाल्गुन 1, शक सम्वत् 1940) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

ए. पी. सिंह,
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा

भोपाल:
दिनांक: 18 फरवरी, 2019